लापता हुई दो चचेरी बहनें, कुएं से मिले शव, गांव में पसरा मातम

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। तेंदुआ थाना क्षेत्र के डेहरवारा गांव में दो चचेरी नाबालिग बहनों की रहस्यमयी मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। 16 और 17 जुलाई की रात घर से अचानक लापता हुई दोनों किशोरियों के शव शनिवार सुबह घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित लगभग 70 फीट गहरे कुएं से बरामद हुए। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा है, जबकि पुलिस हर पहलू से मामले की गहन जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, राजेंद्र धाकड़ की 16 वर्षीय बेटी कीर्ति धाकड़ और उनके भाई सुघर सिंह धाकड़ की 17 वर्षीय बेटी पूनम धाकड़ गुरुवार रात परिवार के साथ भोजन करने के बाद सोने चली गई थीं। रात करीब एक बजे परिजनों की नींद खुली तो दोनों अपने बिस्तर पर नहीं थीं। परिवार ने रातभर रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद तेंदुआ थाने में सूचना दी गई और पुलिस ने 17 जुलाई को अपहरण का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। शनिवार सुबह जांच के दौरान पुलिस को घर से करीब 300 मीटर दूर स्थित कुएं के पास एक किशोरी की चप्पल मिली। शक के आधार पर पुलिस ने मोटर लगाकर कुएं का करीब 40 फीट पानी निकलवाया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें दोनों बहनों के शव कुएं से बरामद हुए। हैरानी की बात यह रही कि एक दिन पहले तक ग्रामीण इसी कुएं से पानी भरते रहे, लेकिन किसी को अंदर शव होने का अंदेशा तक नहीं हुआ। फिलहाल यह रहस्य बरकरार है कि दोनों किशोरियां आधी रात को घर से बाहर क्यों निकलीं और उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। गांव में हत्या और आत्महत्या जैसी चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन पुलिस ने किसी भी संभावना पर आधिकारिक मुहर नहीं लगाई है। तेंदुआ थाना प्रभारी नीतू सिंह धाकड़ ने बताया कि दोनों नाबालिगों के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश की जा रही थी। शनिवार सुबह दोनों के शव कुएं से बरामद कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग कायम कर लिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित सभी साक्ष्यों के आधार पर हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है।

बाइक चोरी के नाबालिग आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

भैरुंदा 18 जुलाई. पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए चोरी गई बाइक बरामद करते हुए बाल अपचारी को हिरासत में लिया है.

जानकारी के अनुसार ग्राम जोगला निवासी भगवत हरियाले ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई की सुबह उन्होंने अपनी बाइक डॉक्टर राय के मकान के सामने खड़ी की थी. कुछ देर बाद लौटने पर बाइक गायब मिली. उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने एक टीम का गठन किया. जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक संदेही विधि-विरुद्ध बालक की पहचान की. पूछताछ करने पर उसने बाइक चोरी करना स्वीकार कर लिया. आरोपी की निशानदेही पर शासकीय कॉलेज के पीछे से बाइक बरामद कर ली गई. बरामद वाहन की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है.

नीट की परीक्षा में छह छात्राएं रहीं सफल

सीहोर. कन्या शिक्षा परिसर की छह छात्राओं ने नीट यूजी की परीक्षा में निर्धारित अर्हता प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया है. सफल छात्राओं में करिश्मा, निकिता, गरिमा, मीरा, क्षमा एवं सजनी शामिल हैं. छात्राओं की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन, दृढ़ संकल्प तथा शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन है. विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी सौतेला पिता 24 घंटे में गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। नरवर थाना क्षेत्र की मगरौनी चौकी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सौतेले पिता को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

मगरौनी चौकी प्रभारी अभिमन्यु राजावत के अनुसार, 17 जुलाई को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि 15 जुलाई की दोपहर वह घर में अकेली थी। इसी दौरान उसके सौतेले पिता रामलाल आदिवासी उम्र 38 वर्ष निवासी हरदौलपुरा, मगरौनी ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर थाना नरवर में अपराध क्रमांक 130/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विनय यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश कर 18 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी

प्रभारी उपनिरीक्षक अभिमन्यु राजावत, सहायक उपनिरीक्षक दिनेश यादव, प्रधान आरक्षक भोले सिंह, आरक्षक राघवेन्द्र तोमर, सचिन यादव, बीरेन्द्र गुर्जर और शिवराज यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पिछोर पुलिस ने फर्जी विवाह गिरोह का किया पर्दाफाश, दो ठग गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। शादी का सपना दिखाकर लोगों को जाल में फंसाने वाले एक शातिर गिरोह का पिछोर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। गिरोह पहले शादी तय कराने का भरोसा दिलाता, फिर ऑनलाइन मोटी रकम वसूलता

▸ दुल्हन बनाकर बिछाया ठगी का जाल, 99 हजार रूपए ऐंठे, विरोध पर किया था हमला

और विरोध करने पर मारपीट, धमकी व तोड़फोड़ पर उतर आता था। पुलिस ने गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों कल्ला उर्फ प्रेमकुमार लोधी और शिवानी लोधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि प्राण सिंह यादव समेत अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मामले की शिकायत हरियाणा के गुरुग्राम जिले के ग्राम चेंगोला

निवासी प्रीति पत्नी सुधीर फोगाट उम्र 32 वर्ष ने पिछोर थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने योगेंद्र का विवाह कराने का झूठा भरोसा देकर फोनपे के माध्यम से 99 हजार रूपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

इसके बाद पूर्व निर्धारित स्थान पर बुलाकर पीड़िता और उसके परिजनों का रास्ता रोक लिया। आरोप है कि गिरोह ने अतिरिक्त रकम की मांग की। इंकार करने पर पीड़िता के साथ मारपीट की गई, वाहन में तोड़फोड़ की गई और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, आरोपी शिवानी को भी अपने साथ वापस ले गए, जिससे पूरे मामले में सुनियोजित साजिश की आशंका और गहरा गई। शिकायत के आधार पर पिछोर थाने में अपराध क्रमांक 332/26 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के निर्देशन और एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में पिछोर टीआई नीतू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कल्ला उर्फ प्रेमकुमार लोधी ग्राम परतापपुरा और शिवानी लोधी ग्राम सेमरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश कर उप जेल पिछोर भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीतू सिंह, उनि रामकिशोर जोशी, सउनि अरविंद सगर, प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह, महिला प्रधान आरक्षक प्रभावती लोधी, आरक्षक धर्मेंद्र लोधी, प्रदीप नरवरिया, बचान सिंह तोमर, कमल गुर्जर, जयेन्द्र गुर्जर, जितेंद्र गुर्जर तथा एनआरएस नंदिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

6 से 14 साल का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहना चाहिए : डीपीसी

▸ लापरवाह शिक्षकों को नोटिस, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। करैरा विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित समीक्षा बैठक में जिला परियोजना समन्वयक दफेदार सिंह सिकरवार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 6 से 14 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने शाला प्रभारियों को घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं बैठक से अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश भी दिए।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर आयोजित बैठक में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अपार आईडी, एफएलएन, उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। डीपीसी श्री सिकरवार ने कहा कि नामांकन के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति, स्वच्छ विद्यालय परिसर और बेहतर शैक्षणिक वातावरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने बताया कि विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर चयनित 20 मॉडलों में से 13 मॉडल करैरा विकासखंड के हैं, जो क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि है। साथ ही नारही की उस छात्रा का उल्लेख किया, जिसे उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। बैठक में उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान की समीक्षा करते हुए वर्ष 2027 तक देश को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाला प्रभारी रवि तिवारी और भानुप्रताप सिंह परमार सहित अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अशासकीय विद्यालय संचालकों को स्कूल वाहनों की फिटनेस, वैध दस्तावेज, चालकों के लाइसेंस, गाइड की उपलब्धता और विद्यार्थियों की सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एपीसी उमेश करारे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा, बीआरसी विनोद तिवारी, संकुल प्राचार्य, बीएसी, जन शिक्षक, अशासकीय विद्यालय संघ के पदाधिकारी एवं विकासखंड के सभी शाला प्रभारी उपस्थित रहे।

मगरौनी पुलिस ने 7 .2 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए मगरौनी चौकी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने ग्राम पीपलखाड़ी नहर स्थित हनुमान मंदिर के पास दबिश देकर स्मैक बेचने की फिराक में खड़े एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 7.2 ग्राम स्मैक और एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत

▸ 1 .30 लाख रुपये का मादक पदार्थ व वाहन जब्त, नेटवर्क की जांच शुरू

करीब 1.30 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान के तहत यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी करैरा प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नरवर निरीक्षक विनय यादव के नेतृत्व में चौकी मगरौनी पुलिस ने की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनू गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरी, हाल निवासी चंदनपुरा, मगरौनी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नरवर थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के तार अन्य मादक पदार्थ तस्करों से जुड़े होने की

आशंका है। उसके आपराधिक नेटवर्क और सप्लाई चेन की गहन जांच की जा रही है। उक्त कार्रवाई में उपनिरीक्षक अभिमन्यु राजावत, सउनि. दिनेश यादव, प्रधान आरक्षक भोले सिंह, आरक्षक राघवेन्द्र तोमर, सचिन यादव, बीरेन्द्र गुर्जर और शिवराज यादव की सराहनीय भूमिका रही।

भाऊखेड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

नवभारत न्यूज

इछावर 18 जुलाई. ग्राम पंचायत भाऊखेड़ी में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा. यह शिविर अटल अस्पताल तथा साहस महिला, बाल शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्था और सेवा सदन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा.

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा. साथ ही सामान्य बीमारियों, सिरदर्द, बुखार, खांसी, सर्दी, शुगर, बीपी, पेट संबंधी समस्याओं और हड्डी व जोड़ों की तकलीफों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा. इसके अलावा शिविर में आंखों की नि:शुल्क जांच की जाएगी तथा आवश्यक मरीजों को निःशुल्क ड्रॉप भी उपलब्ध कराई जाएगी. संस्था द्वारा ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील की गई है.

शिव पालकी यात्रा को लेकर बैठक आज

नवभारत न्यूज

सीहोर 18 जुलाई. श्रावण मास भगवान शिव की आराधना, भक्ति और आध्यात्मिक साधना का पावन पर्व माना जाता है. इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में 25 वीं श्री सिद्धेश्वर महादेव भव्य पालकी यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया जाएगा.

इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक आयोजन को सफल, भव्य और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से रविवार को बैठक आयोजित होगी. श्री सिद्धेश्वर महादेव समिति पालकी यात्रा के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया श्रावण मास के तृतीय सोमवार 17 अगस्त सोमवार को निकलने वाली यह भव्य पालकी यात्रा नगरवासियों को भगवान भोलेनाथ की भक्ति से जोड़ते हुए धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देती है. उन्होंने शिवभक्तों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों तथा युवाओं से बैठक उपस्थित होकर सुझाव देने की अपील की है.

कोलारस पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र अथव का सम्मान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी 18 जुलाई। कोलारस पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र अथर्व चौहान को नीट परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक हासिल करने पर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अथर्व की सफलता से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

अथर्व के पिता डॉ. प्रभात चौहान ने कहा कि अथर्व की सफलता में कोलारस पब्लिक स्कूल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विद्यालय ने उसकी शैक्षणिक नींव को मजबूत बनाया, जिसका लाभ उसे आगे की पढ़ाई में मिला। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों को दिए जाने वाले मार्गदर्शन और व्यक्तिगत ध्यान की सराहना की।

अथर्व चौहान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कक्षा 10वीं की सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उसी सफलता ने उन्हें नीट परीक्षा में

▸ नीट परीक्षा में शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना एकमात्र लक्ष्य डॉक्टर बनना तय किया और उसी दिशा में निरंतर मेहनत की। उन्होंने विद्यार्थियों से भी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से प्रयास करने का आह्वान किया।

विद्यालय के डायरेक्टर अनिल ठाकुर ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि एक समय अथर्व भी इसी विद्यालय का छात्र था और आज उसने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। यदि विद्यार्थी भी पूरी लगन से प्रयास करें तो वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकार के ध्यान भटकाने वाले साधनों से दूर रहकर पूरी एकाग्रता के साथ अध्ययन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने अथर्व चौहान को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि पर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

नव भारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **ग्वालियर** संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
(रीजनल)

एमबीए, बीबीए को प्राथमिकता

नोट - स्वयं का वाहन एवं कंप्यूटर में दक्षता अनिवार्य

संपर्क करें

कार्यालय - नवभारत प्रेस, एस.पी ऑफिस के सामने, सिटी सेंटर, ग्वालियर

(सुबह 11 से शाम 6 बजे तक)

9479319990

navabharatgwalior@gmail.com